Tender Heart High School, Sector - 33 B Chandigarh

कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

पुस्तक - नवतरंग - 2 उपविषय - पाठ - 11 'मददगार कौआ'

टीचर - सुमन शर्मा दिनांक 13.1.2025

सुप्रभात बच्चो !

यह कार्य कक्षा - दूसरी, विषय - हिन्दी, पुस्तक - नवतरंग - 2, पाठ नं० 11 'मददगार कौआ' से लिया गया है। यह कार्य आपको 13 जनवरी, 2025 को जाएगा।

बच्चो ! आज हम पाठ - 11 'मददगार कौआ' पढ़ेंगे। इस कहानी को पढ़ने से हमें यह पता चलेगा कि पशु - पक्षी खुश होते हैं, परेशान भी होते हैं। उनमें भी एक - दूसरे की मदद और प्यार करने की भावना होती है। उनकी भी अपनी भाषा होती है, जिसके द्वारा वे अपनी भावनाएँ प्रकट करते हैं। चलिए, अब कहानी पढ़ते हैं। सभी बच्चे अपनी पुस्तक का पेज नं० 76 निकाल लें।

अहान के घर के पास पीपल का एक पेड़ था। उस पेड़ पर बहुत-सी चिड़ियाँ रहती थीं। स्कूल से आकर अहान उनके साथ बातें करता था। वे उसकी अच्छी मित्र बन गई थीं। जैसे ही अहान कटोरे में दाना लेकर आता था, सब चहकती हुई पेड़ से नीचे आ जाती थीं। अहान की बहन गौरी कुछ रोटी के टुकड़े भी डाल देती। गौरी को देखकर एक कौआ काँव - काँव करता आता और रोटी के टुकड़े लेकर उड़ जाता।

उपविषय - पाठ-11 (मददगार कौआ)   टीचर- सुमन शर्मा

एक दिन की बात है। अहान और गौरी स्कूल से पैदल घर आ रहे थे। अचानक तेज़ आँधी आ गई। अहान और गौरी पास ही एक इमारत में रुक गए। तेज़ हवा सर-सर चल रही थी। पेड़ ज़ोर-ज़ोर से हिल रहे थे। एक छोटा-सा पिल्ला घबराकर इधर-उधर भाग रहा था। तभी एक पेड़ की डाल टूटकर नीचे गिर गई। वहाँ एक बिल्ली भी बैठी थी। बिल्ली और पिल्ला दोनों उसके नीचे दब गए। अहान और गौरी दौड़कर गए। डाल भारी होने के कारण वे उसे उठा नहीं पाए। तब तक उनके कुछ और साथी भी आ गए। सबने मिलकर डाल हटाई। बिल्ली और पिल्ला दर्द से कराह रहे थे।

चलिए, अब मैं आप से कुछ प्रश्न पूछने जा रही हूँ। इन प्रश्नों के उत्तर आप अपनी हिन्दी नोटबुक में लिखोगे।

प्र०1. अहान के घर के पास कौन-सा पेड़ था?
उत्तर - पीपल का।

प्र०2. अहान किसमें दाना लेकर आता था?
उत्तर - कटोरे में।

प्र०3. अचानक क्या गई?
उत्तर - आँधी।

प्र०4. पेड़ की डाल टूटने से किसे चोट लगी?
उत्तर - पिल्ले और बिल्ली को।

उपविषय - पाठ-11 (मददगार कौआ) टीचर - सुमन शर्मा

अहान बोला - इन्हें तो बहुत चोट आई है। इन्हें ऐसे छोड़ना ठीक नहीं है। सब साथियों ने सिर हिलाकर अहान की बात मानी। वे बिल्ली और पिल्ले को गोदी में उठाकर घर ले आए। घर पर माँ की मदद से बच्चों ने घाव साफ़ किए। गौरी रसोई से दो कटोरों में दूध ले आई और उन्हें अपनी गोदी में बैठाकर प्यार से दूध पिलाया। पेड़ पर बैठा कौआ यह सब देख रहा था।

अगले दिन सुबह जैसे ही माँ ने चिड़ियों के लिए रोटी के टुकड़े डाले, काँव-काँव करता कौआ नीचे आ गया। उसने रोटी का टुकड़ा चोंच में दबाया और पिल्ले के पास जाकर मुँह में टुकड़ा डाल दिया। फिर एक और टुकड़ा लाया और बिल्ली खिलाया। कौए को देखकर कबूतर और मैना भी रोटी के टुकड़े ला-लाकर देने लगे। माँ, अहान और गौरी आँगन में खड़े आश्चर्य से यह दृश्य देख रहे थे। कौए की मदद भावना देखकर मुसकरा रहे थे।

गृहकार्य →

☆ सभी बच्चे इस कहानी को दो से तीन बार पढ़ने का अभ्यास करेंगे।

Tender Heart High School, Sector-33B Chandigarh

कक्षा- दूसरी विषय - हिन्दी

उपविषय - पाठ 11 (प्रश्न / उत्तर) टीचर - सुमन शर्मा

# Answer Key

बच्चो ! आज हम पाठ-11 'मददगार कौआ' के प्रश्न / उत्तर करेंगे। आप सभी इस कार्य को अपनी हिन्दी नोटबुक में लिखोगे।

## पाठ-बोध

प्रश्न 1. प्रश्नों के उत्तर शब्दों में लिखें—

क) स्कूल से आकर अहान किनसे बातें करता था ?

उत्तर → स्कूल से आकर अहान चिड़ियों से बातें करता था।

ख) अहान और गौरी डाल क्यों नहीं उठा पाए?

उत्तर → अहान और गौरी डाल इसलिए नहीं उठा पाए क्योंकि डाल बहुत भारी थी।

ग) बच्चों ने किसकी मदद से पिल्ले और बिल्ली के घाव साफ़ किए ?

उत्तर — माँ की मदद से बच्चों ने पिल्ले और बिल्ली के घाव साफ़ किए।

उपविषय - पाठ 11 'मददगार कौआ' टीचर - सुमन शर्मा

घ) गौरी कटोरे में क्या लाई?
उत्तर - गौरी कटोरे में दूध लाई।

2. प्रश्नों के उत्तर वाक्यों में लिखो -

क) बिल्ली और पिल्ले को चोट कैसे लग गई?
उत्तर - बिल्ली और पिल्ले को पेड़ की टूटी हुई डाल के नीचे दबने के कारण चोट लग गई।

ख) बिल्ली और पिल्ले को घर लाकर बच्चों ने क्या किया?
उत्तर - बच्चों ने सबसे पहले माँ की मदद से बिल्ली और पिल्ले के घाव साफ़ किए, फिर उनके घावों पर दवाई लगाई और उन्हें दूध भी पिलाया।

ग) कौए ने बिल्ली और पिल्ले की मदद कैसे की?
उत्तर → कौए ने बिल्ली और पिल्ले की मदद उनके मुँह में रोटी के टुकड़े डालकर की।

3. वाक्य पढ़ें। कहानी के आधार पर (✓) या (X) का निशान लगाएँ -

क) पीपल के पेड़ पर बहुत-सी चिड़ियाँ रहती थीं। (✓)

ख) अहान को देखकर चिड़ियाँ दूर चली जाती थीं। (X)

ग) अहान और गौरी एक पेड़ के नीचे रुक गए। (X)

उपविषय - पाठ-11 (मददगार कौआ) टीचर - सुमन शर्मा

घ) डाल गिरते ही बिल्ली और पिल्ला भाग गए। (X)

ङ.) माँ ने रुई से दवाई लगाई। (✓)

5. शब्द - अर्थ

1) चहकना - खुश होकर आवाज़ निकालना

2) इमारत - भवन

3) कटोरा - बड़ी कटोरी

4) दृश्य - नज़ारा

5) आँधी - तेज़ी से बहती हवा

6) अचानक - एकदम

7) कराहना - दर्द से आवाज़ निकालना

8) चुगना - चोंच से उठाकर खाना

9) मदद - सहायता

10) भावना - इच्छा (मन में सोची हुई बात)